# संकल्प एक प्रयास

सपनों को सशक्त करना, भविष्य को बनाना

# सृजन
# लर्निंग रिसोर्स सेण्टर



संकल्प एक प्रयास सोसाइटी
भिलाई प्लॉट नंबर 436 विराट नगर
गणपति होंडा के पास उतई (छ .ग .)

# संकल्प एक प्रयास

## संकल्प एक प्रयास का परिचय

संकल्प एक प्रयास छत्तीसगढ़ में वर्ष 2011 से एक गैर सरकारी संस्था के रूप में दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, धमतरी एवं बेमेतरा जिलों के विभिन्न गाँवो एवं नगर पंचायतो में बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उनका सर्वांगीर्ण विकास, महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता पर कार्य कर रही है।

संकल्प एक प्रयास कर्तव्य परियोजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ के गाँवों में "आदर्श बाल ग्राम" की अवधारणा के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्नशील है, जिससे जरूरतमंद बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सुविधाओ की उपलब्धता सुनिश्चित किया जा सके ।
2 अक्टूबर 2021 को संकल्प एक प्रयास कर्तव्य परियोजना का शुभारम्भ किया गया।
कर्तव्य परियोजना में बच्चों के तीन प्रमुख लाभार्थी समूह :

सीख

कक्षा पहली से पांचवीं के बच्चे

सृजन

कक्षा छटवीं से दसवीं के बच्चे

गरिमा

किशोरी बलिकाओ एवं महिलाओ के सशक्तिकरण हेतु समर्पित ।

## सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड (SEML)

**सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड (SEML) एक प्रमुख भारतीय कंपनी है जो फेरोएलॉय, स्टील, कैप्टिव पावर जेनरेशन और लौह अयस्क खनन के उत्पादन में लगी हुई है। 1973 में स्थापित, SEML भारत में फेरोएलॉय के सबसे कम लागत वाले उत्पादकों में से एक है और ऊर्जा और खनिज क्षेत्र में इसकी महत्वपूर्ण उपस्थिति है। कंपनी का मुख्यालय रायपुर, छत्तीसगढ़ में है और यह पूरे भारत में कई विनिर्माण इकाइयों और खानों का संचालन करती है।**





# संकल्प एक प्रयास संस्था,भिलाई

## सृजन लर्निंग रिसोर्स सेंटर क्या है

संकल्प एक प्रयास द्वारा कक्षा 6 वीं से 10 वीं तक के बच्चों को नि:शुल्क गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान कर रही है, जिस प्रोजेक्ट को सृजन प्रोजेक्ट नाम दिया गया है इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत कक्षा 6 वीं से 10 वीं तक के बच्चों को डिजिटल शिक्षा (ई-उड़ान, कंप्यूटर शिक्षा) व लर्निंग रिसोर्स सेंटर्स में अंग्रेजी, विज्ञान और गणित की मजेदार कक्षा योग्य शिक्षकों द्वारा प्रदान की जाती है.

इसके अलावा बच्चों के समग्र विकास हेतु संकल्प एक प्रयास द्वारा बच्चों को शारीरिक शिक्षा एवं व्यवसायिक शिक्षा को भी शिक्षा के संग एकीकृत किया गया है, ताकि बच्चे का शारीरिक विकास अच्छे से हो तथा बच्चें के अंदर छिपीं कौशल को पहचान कर उनकी कौशल को मार्गदर्शन देना



## सृजन LRC उद्देश्य

- समुदाय के बच्चों को शिक्षा प्रदान करना है, विशेष रूप से उन बच्चों को जो आर्थिक या सामाजिक रूप से वंचित हैं|
- शिक्षा की पहुंच बढ़ाना
- - समुदाय के बच्चों को शिक्षा प्रदान करना।
- - वंचित बच्चों को शिक्षा के अवसर प्रदान करना।
- बच्चों का विकास करना
- - बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास करना।
- - बच्चों को सामाजिक और नैतिक मूल्यों की शिक्षा देना।
- समुदाय की भागीदारी बढ़ाना
- - समुदाय के सदस्यों को शिक्षा प्रक्रिया में शामिल करना।
- - समुदाय के साथ मिलकर शिक्षा के अवसर प्रदान करना।
- शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना
- - शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना।
- - शिक्षकों को प्रशिक्षण और समर्थन प्रदान करना।

# सृजन प्रोजेक्ट में संचालित कार्यक्रम



## लर्निंग रिसोर्स सेण्टर:-

बच्चों के लिए लर्निंग रिसोर्स सेण्टर में 3 घंटे की कक्षा लगाई जाती है जहाँ बच्चों को अंग्रेजी, विज्ञानं और गणित विषय पढ़ाया जाता है.

बच्चों की इन विषयों के प्रति डर को या भय को कम करके मजेदार तरीकों से विषय को पढ़ाना और बच्चों की बुनियादी ज्ञान को मजबूत करना है.

## अभिभावक शिक्षक बैठक



सृजन लर्निंग रिसोर्स सेंटर्स में प्रत्येक माह अभिभावक शिक्षक बैठक रखी जाती है जिसका उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों के शिक्षा के संग जोड़ना एवं बच्चों के शिक्षा में आ रही अंतर को अभिभावकों की सहायता से पाटना है.

## NMMSE स्कालरशिप परीक्षा की तैयारी:-



आर्थिक रूप से कमजोर किन्तु होनहार बच्चे जो शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ना चाहते है, ऐसे बच्चों को आगे बढ़ाने हेतु स्कालरशिप परीक्षा की तैय्यारी करवाई जाती है ताकि वह बच्चा परीक्षा पास कर स्कालरशिप प्राप्त कर पाए और पढ़ाई निरंतर कर पाए.

# सृजन प्रोजेक्ट में संचालित कार्यक्रम



## 'मै भी कलाम' विज्ञान मेला:-

बच्चों में छिपी प्रतिभाओं (रचनात्मकता, सृजनात्मकता एवं आलोचनात्मकता) को उभारने एवं बेहतर दिशा प्रदान करने के लिए विज्ञानं मेला का आयोजन किया जता है.

बच्चों में विज्ञान के प्रति डर एवं हिचकिचाहट को दूर करने एवं नविन खोजों को प्रेरित करने के लिए और जिज्ञासा को बढ़ाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित की जाती है.



## कंप्यूटर शिक्षा:-

आज के युग में बच्चों में कंप्यूटर के सामान्य उपयोग व जानकारी को सुनिश्चित करने के लिए बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा प्रदान की जाती है.

प्रौद्योगिकी और सॉफ़्टवेयर का उपयोग करना, जानकारी तक पहुँचना और उसका उपयोग करना, और सामग्री का उत्पादन और साझा करना आदि उद्देश्यों से यह शिक्षा प्रारम्भ की गई है.



**संकल्प एक प्रयास संस्था,भिलाई**

# सृजन LRC क्यूँ ?



**01 बच्चों के डर को दूर करने हेतुः**
बच्चों में विज्ञान, अंग्रेजी और गणित जैसी विषयो के प्रति मन से डर को निकालकर उनमे रूचि लाने और बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए.

**02 समावेशी शिक्षा प्रदान करने हेतुः**

हंशिये पर रहने वाले एवं शिक्षा से वंचित बच्चों तक शिक्षा की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए, ताकि सभी बच्चें बुनियादी शिक्षा तथा डिजिटल शिक्षा प्राप्त कर पाए.

**03 समुदाय को शिक्षा से जोड़ने हेतुः**

ग्रामीण क्षेत्रों में माता-पिता एवं समुदाय को शिक्षा के साथ जोड़कर शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करने एवं बच्चों की शिक्षा में सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए.

**04 ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल छोड़ने की दर को कम करने हेतुः**
क्षेत्रों में माता-पिता एवं समुदाय को शिक्षा के साथ जोड़कर शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करने एवं बच्चों की शिक्षा में सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए.

# LRC नोडल कार्यक्रम

## कारण:

LRC में मूलभूत सुविधाओं की कमी थी, जैसे:

- पंखे और लाइट की कमी
- प्रिंट रिच मैटेरियल की कमी और उनका रखरखाव की कमी
- भवन की साफ़ सफ़ाई की कमी
- भवन में बिजली की कमी

## उपाय:

संकल्प एक प्रयास द्वारा इस कमी को दूर करने के लिए निम्न सुविधाएं प्रदान की गईं:

- 25 LRC में आलमारी की व्यवस्था
- 30 LRC CENTER में पंखे की व्यवस्था
- 33 LRC में बिजली और बिजली उपकरण की व्यवस्था
- 17 LRC भवन में पुताई मरम्मत कार्य
- 50 LRC में स्टेशनरी किट (कॉपी, पेन, चार्ट पेपर, कलर पेन और अन्य सामग्री)

इस कार्यक्रम का उद्देश्य LRC में मूलभूत सुविधाओं को सुधारना और छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करना है।



sankalpekprayassociety@gmail.com

# सृजन LRC के आंकड़े

सृजन LRC की संख्या:
कुल LRC की संख्या - 175

जिलेवार वितरण:
- दुर्ग - 110
- धमतरी - 19
- बालोद - 19
- राजनांदगांव - 12
- बेमेतरा - 15




लाभान्वित बच्चों की संख्या:

- ई-उढान - 2897 (34 विद्यालय में संचलित)

- कंप्यूटर शिक्षा - 1968 (20 विद्यालय में संचलित)

- सृजन LRC - 7613 (175 सेंटर में)

कुल लाभान्वित बच्चे:

12478



# ग्रामीण समुदाय पर प्रभाव

## शिक्षा तक पहुँच में वृद्धि

1. ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा तक पहुँच: लर्निंग रिसोर्स सेंटर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा तक पहुँच बढ़ाने में मदद कर रहा है।

2. शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार: लर्निंग रिसोर्स सेंटर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद कर सकता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की स्थिति में सुधार हो सकता है।

## आर्थिक विकास में योगदान

1. आर्थिक विकास में योगदान: लर्निंग रिसोर्स सेंटर आर्थिक विकास में योगदान दे रहा है क्योंकि यह ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षित और कुशल महिलाओं को सबसे आगे ला रहा है।

2. रोज़गार के अवसरों में वृद्धि: लर्निंग रिसोर्स सेंटर रोज़गार के अवसरों को बढ़ाने में मदद कर रहा है।

## सामाजिक परिवर्तन में योगदान

1. सामाजिक परिवर्तन में योगदान: लर्निंग रिसोर्स सेंटर सामाजिक परिवर्तन में योगदान दे रहे हैं क्योंकि वे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने में मदद कर रहे हैं।

2. महिला सशक्तिकरण में योगदान: शिक्षण संसाधन केंद्र महिला सशक्तिकरण में योगदान दे रहे हैं क्योंकि वे ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को शिक्षा और कौशल प्रदान करने में मदद कर रहे हैं।

# सृजन अन्य रणनीति

**सृजन प्रोजेक्ट के अंतर्गत लाभान्वित बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सृजन द्वारा अन्य रणनीति तैयार किया गया है जिसका उद्देश्य बच्चों को आने वाले भविष्य के लिए पूर्ण रूप से तैयार करना है ताकि वे आगे आने वाली बाधाओं या रुकावटों के लिए पुर्णतः तैयार रहे -**

## अंग्रेजी सुधार एवं क्षमता निर्माण

ग्रामीण बच्चों के अन्दर से अंग्रेजी के प्रति को डर को भगाना एवं बच्चों को अंग्रेजी भाषा सरलता से सिखाना ताकि बच्चे इस भाषा का आसानी से प्रयोग कर पाए



भाषा के कारण उच्च शिक्षा में बाधा को दूर करना एवं बच्चों के उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु सहायता प्रदान करना.

भाषा के कारण ऑनलाइन ससाधनों या नए टेक्नोलॉजी के उपयोग में हो रही बाधाओं को दूर करना.

## आत्मरक्षा प्रशिक्षण

आत्मरक्षा प्रशिक्षण को शिक्षण के अलावा शामिल जो लड़कियों को अपने आस-पास के माहौल के बारे में अधिक जागरूक होने और किसी भी समय अप्रत्याशित स्थिति के लिए तैयार रहने में मदद करता है।

